# University in News on 13 May 2025

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

# एग्जीक्यूटिव एमबीए में 15 जून तक करें आवेदन

### नौकरी करने वाले और उद्यमी ऑनलाइन भर सकते हैं फॉर्म

संवाद न्यूज एजेंसी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने नौकरी करने वाले और उद्यमियों के लिए एग्जीक्यूटिव एमबीए कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। आवेदन के लिए अंतिम तिथि 15 जून तय की गई है।

इसके लिए ब्रोशर व अन्य सूचनाएं जारी कर दी गई हैं। इच्छुक अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि लविवि के प्रबंध अध्ययन संकाय के प्रबंध विभाग में गत सत्र में ई-एमबीए कार्यक्रम को शुरू किया गया था। यह कोर्स विशेष रूप से कामकाजी पेशेवरों और उद्यमियों के लिए



डिजाइन किया गया है। जिससे वह अपने बिजनेस और कॅरिअर को आगे बढ़ा सकें।

कुलपति के अनुसार, ई-एमबीए पाठ्यक्रम को पांच स्ट्रीम कोर कोर्स, मार्केटिंग, फाइनेंस, ह्यूमन रिसोर्स और इंटरनेशनल बिजनेस में शुरू किया गया है। कुल 30 सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन आरंभ हो गए हैं।

#### आवेदन शुल्क और फीस तय

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक ई-एमबीए पाठ्यक्रम के लिए आवेदन शुल्क सामान्य, ईडब्ल्यूएस व ओबीसी वर्ग के लिए 1600 रुपये और एससी-एसटी व पीएच श्रेणी के लिए 800 रुपये तय किया गया है। दो वर्ष के इस पाठ्यक्रम के लिए प्रति सेमेस्टर फीस 99,080 रुपये तय की गई है। ई-एमबीए पाठ्यक्रम की कक्षाएं ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से संचालित की जाएंगी।

## HINDUSTAN PAGE 09

# एलयू में ई-एमबीए के लिए आवेदन 15 जून तक होंगे

**30 सीटें, प्रति सेमेस्टर फीस 99,080 तय**

■ नौकरीशुदा और उद्यमियों के लिए कोर्स तैयार किया

लखनऊ, संवाददाता। एलयू में नौकरीशुदा व्यक्तियों और उद्यमियों के लिए एग्जीक्यूटिव एमबीए पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आवेदन की शुरूआत हो गई है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर समर्थ पोर्टल से आवेदन कर सकेंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जून तय की गई है।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि यह कोर्स विशेष रूप से कामकाजी पेशेवरों और उद्यमियों के लिए डिजाइन किया है जिससे वह बिजनेस और करियर को आगे बढ़ा सकें। कुलपति के अनुसार, ई-एमबीए पाठ्यक्रम को पांच स्ट्रीम कोर कोर्स, मार्केटिंग, फाइनेंस, ह्यूमन रिसोर्स और इंटरनेशनल बिजनेस में शुरू किया है। 30 सीटों पर दाखिले होंगे। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक आवेदन शुल्क सामान्य, ईडबल्यूएस, ओबीसी के लिए 1600 और एससी-एसटी व पीएच के लिए 800 रूपये है। प्रति सेमेस्टर फीस 99,080 है। कक्षाएं ऑनलाइन, ऑफलाइन दोनों होंगी।

## i-NEXT PAGE 3

# 17 मई तक भर दें बैकपेपर के फॉर्म

**एलयू में बैकपेपर फॉर्म के लिए खोला ऑनलाइन पोर्टल**

**LUCKNOW (12 May):** लखनऊ यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग ने बड़ा फैसला लेते हुए बीए, बीएससी, बीकॉम और नॉन एनईपी प्रोग्राम के सिक्स्थ सेमेस्टर में पास स्टूडेंट्स के लिए बैकपेपर का ऑनलाइन पोर्टल खोल दिया है. जिसमें सिक्स्थ सेमेस्टर पास करने वाले ऐसे स्टूडेंट्स फॉर्म भर सकते हैं, जो फर्स्ट या सेकेंड सेमेस्टर में फेल हो गए थे, लेकिन उन्होंने सिक्स्थ सेमेस्टर के एग्जाम पास कर लिए हैं. इसके लिए फॉर्म भरने की लास्ट डेट 17 मई है.

### हेल्पलाइन नंबर जारी

एलयू परीक्षा विभाग की तरफ से स्टूडेंट्स के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं. फॉर्म भरने में किसी भी तरह की समस्या होने पर स्टूडेंट्स वाट्सएप नंबर 7897999211 तथा 7897992064 पर कॉल या मैसेज करके हेल्प ले सकते हैं.



#### पार्टटाइम एमटेक में एडमिशन

लखनऊ यूनिवर्सिटी में वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए पार्ट टाइम एमटेक में एडमिशन के लिए समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं. ऑनलाइन अप्लीकेशन की फीस जनरल, ओबीसी और ईडब्लयूएस कैंडिडेट्स के लिए 1600 रुपए और एससी, एसटी कैंडिडेट्स के लिए 800 रुपए रखी गई है.

### सीटों पर एक नजर

पार्ट टाइम एमटेक में 5 स्ट्रीम में 100 सीटें हैं. एडमिशन एंट्रेंस और मेरिट से होता है. इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन, मैकेनिकल, सीएस (एआई), सीएस(साइबर सिक्योरिटी) और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग पावर सिस्टम शामिल हैं, जिनमें 20-20 सीटें हैं.

## JAGRAN CITY PAGE III

# लवि : एग्जीक्यूटिव एमबीए में आवेदन शुरू

जासं ● लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2025-27 के दो वर्षीय एग्जीक्यूटिव एमबीए पाठ्यक्रम में आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक की डिग्री और कम से कम दो साल का उद्योग, पेशेवर एवं स्वरोजगार का अनुभव जरूरी है। प्रबंधन अध्ययन संकाय की डीन प्रोफेसर संगीता साहू ने बताया कि इस कोर्स में 30 सीटें हैं। प्रवेश दसवीं, बारहवीं और स्नातक के अंकों अथवा ग्रेड के लिए वेटेज तथा 30 अंक के व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर होगा। कोर्स की अवधि दो वर्ष होगी, जिसे च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) के आधार पर चार सेमेस्टर में विभाजित किया जाएगा। इसकी कक्षाएं आनलाइन और आफलाइन दोनों माध्यम से संचालित होंगी।